Continental Chemicals Ltd
Regd. & Head Office : A-7, Sector-7, Noida-201301 (U.P.) India
Tel. : 91-120-2423316
Fax : 91-120-2423316
E-mail : info@continentalsoft.com
: nkc@continentalsoft.com
Web : www.continentalchemicalsltd.com
CIN : L24123UP1984PLC014111

Date 24.08.2024

To
The General Manager
Bombay Stock Exchange & Listing
Corporate Relationship Department,
1st Floor, New Trading Ring,
RotundaBuilding PJ Tower,
Dalal Street, Fort
Mumbai-400001
**Scrip code – 506935**
**ISIN-INE423K01015**

**Sub: Submission of copies of newspaper advertisements regarding the information related to 39th Annual General Meeting of the Company going to be held on Friday, 20th September, 2024 at 4:00 P.M. through Video Conferencing/ Other Audio Visual Means.**

Dear Sir,

This is to inform you that the 39th Annual General Meeting ('AGM') of the Company is scheduled to be held on Friday, September 20, 2024, at 04:00 P.M. (IST) through Video Conferencing/ Other Audio-Visual Means.

We enclose herewith copies of the newspaper advertisements published pursuant to General Circular No. 20/2020 dated May 5, 2020, issued by the Ministry of Corporate Affairs.

This is for your information and records.

Thanking you,

Your Faithfully,

For **Continental Chemicals Limited**

Sakshi Dhawan Digitally signed by Sakshi Dhawan Date: 2024.08.24 12:35:53 +05'30'

CONTINENTAL CHEMICALS LIMITED NOIDA

**Sakshi Dhawan**

**Company Secretary**

**(Membership No: ACS 033279)**

# जनता को जनार्दन मानकर आगे बढ़ने वाली सत्ता के निर्णय होते हैं लोकप्रिय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गाजियाबाद



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने के लिए भले ही हमने देश में संसदीय लोकतंत्र को अपनाया हो पर न्यायपालिका, कार्यपालिका व विधायिका की भी अपनी लक्ष्मण रेखा है, लेकिन चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की भूमिका को कोई नजरअंदाज नहीं कर सकता है। लोगों को सही तथ्यों से अवगत कराना, सही जानकारी उपलब्ध करवाना, आवश्यकता पड़ने पर किसी बड़े ऑपरेशन का नेतृत्व करना और अगर लेखनी के माध्यम से किसी का पोस्टमार्टम भी करना है तो मीडिया की भूमिका दिखती है। हमने आजादी के बाद भी अलग-अलग समय, अलग-अलग स्तर पर इसे महसूस किया है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को गाजियाबाद में एक निजी चैनल के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है। हम सभी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में रह रहे हैं। ऐतिहासिक व पौराणिक कालखंड में ऐसे अनेक उदाहरण देखने को मिलते हैं, जब आम जनभावनाओं को सर्वोपरि रखकर उस समय की राजसत्ता ने निर्णय लेने में कोई संकोच नहीं किया। जनता को जनार्दन मानकर जब भी शासन सत्ता आगे बढ़ती है तो उसके निर्णय लोकप्रिय, सर्वमान्य व सर्वग्राह्य बनते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि हमें समय के अनुरूप बदलना और चलना होगा। समाज, युवा, सामान्य गृहस्थ, किसान, आधी आबादी की आवश्यकता क्या है, मीडिया उनके पसंद के अनुरूप जानकारी उपलब्ध करा सके। एक समय था, जब लोग रेडियो, समाचार पत्रों के माध्यम से देश-दुनिया की घटनाओं को देखते थे। बाद में मीडिया में अनेक चैनल आए, जितनी तेजी के साथ प्रचार-प्रसार किया, उतनी तेजी से उनके सामने चुनैतियां भी आईं। इसके बाद सोशल मीडिया समेत अलग-अलग प्लेटफॉर्म भी बन गए।

सीएम ने कहा कि इस चुनाव में हमने देखा कि डिजिटल व सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म कैसे प्रभावित कर रहे थे। अगले दो-पांच वर्ष में जब हम चुनाव में जाएंगे तो हो सकता है कि प्रिंट व विजुअल मीडिया की भूमिका कुछ गौण हो, डिजिटल मीडिया और प्रभावी हो जाए। इन सबको समाहित करते हुए आज इस चैनल का शुभारंभ हो रहा है। मुझे विश्वास है कि भारत के डीएनए के अनुरूप खबरों को प्रत्येक भारतवासी तक प्रभावी-निष्पक्ष ढंग से पहुंचाने के लिए कलम की ताकत का अहसास कराने में यह मीडिया संस्थान सफल होगा। सीएम ने विश्वास जताया कि यह ग्रुप लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए मीडिया का प्रभावी स्तंभ बनने के साथ-साथ आम जनमानस के विश्वास का प्रतीक भी बनेगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. वीके सिंह समेत अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर किसी भी नई परंपरा की अनुमति कदापि न दी जाएः प्रशांत कुमार

● प्रदेश में प्रभावी पुलिस प्रबंध के संबंध में कई बिन्दुओं पर डीजीपी ने जारी किए विस्तृत निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** प्रशांत कुमार ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रदेश में प्रभावी पुलिस प्रबंध किए जाने के संबंध में कई बिन्दुओं पर विस्तृत निर्देश दिए हैं। उन्होंने फील्ड में तैनात पुलिस के सभी आला अधिकारियों को जारी अपने निर्देशों में कहा है कि प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नं-8 में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाए तथा किसी नई परम्परा की अनुमति कदापि न दी जाए। असामाजिक/अवांछनीय तत्वों की सूचियों को अद्यावधिक कर लिया जाय तथा आवश्यकतानुसार उनके विरुद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से सम्बन्धित समस्त आयोजन, लीला स्थल, पंडाल, मंदिर एवं जुलूसों को सूचीबद्ध कर योजनाबद्ध तरीके से पुलिस व्यवस्थापन किया जाये। समस्त आयोजनों/कार्यक्रमों में आने वाले श्रद्धालुओं की सम्भावित संख्या का आंकलन करते हुये तद्नुसार सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात प्रबन्धन किया जाये।

जनपदों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के विभिन्न कार्यक्रमों, आयोजकों / प्रबन्धकों तथा धर्मगुरुओं के साथ गोष्ठी कर ली जाये तथा संज्ञान में लायी गयी समस्याओं का सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण कराया जाये। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व से सम्बन्धित जिन-जिन स्थानों पर विगत वर्षों में अथवा इस वर्ष किसी प्रकार का विवाद परिलक्षित हुआ हो, वहां पुलिस एवं राजस्व विभाग के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्थिति का अध्ययन कर विवाद को सुलझाने तथा संवेदनशीलता को दूर करने के लिये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बीट भ्रमण के दौरान द्वारा सभी प्रकार के विवाद आदि की गहनता से जांच कर ली जाय एवं बीट सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर समय रहते विवाद का निस्तारण कराया जाय तथा आवश्यकतानुसार विवाद स्थलों, मार्गो का भ्रमण जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी द्वारा भी कर लिया जाये।

## उप राष्ट्रपति ने की सीएम योगी और उनके नेतृत्व में यूपी के विकास मॉडल की सराहना



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ नई दिल्ली

● मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति से मिलकर जताया आभार

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दिल्ली में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। सीएम योगी ने सुबह उप राष्ट्रपति के आवास पर पहुंचकर उनका हालचाल जाना। वहीं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीएम योगी की सराहना की। उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के विकास मॉडल की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए आपका हार्दिक आभार। दूसरी तरफ, उपराष्ट्रपति के 'एक्स' हैंडल से भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मुलाकात की फोटो पोस्ट करते हुए जानकारी दी गई।

## देश के सबसे युवा राज्य में मुख्यमंत्री का सर्वाधिक जोर स्वरोजगार पर

● युवाओं को प्रशिक्षण देकर कौशल निखारने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूपी में चल रहीं कई योजनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी का शुरू से ही जोर स्वरोजगार पर रहा है। चूंकि प्रदेश की आबादी सर्वाधिक है, इसी लिहाज से यूपी देश का सबसे युवा राज्य भी है। यहां के युवाओं को उनकी रुचि के अनुसार प्रशिक्षण देकर उनके कौशल को निखारा जा सकता है, उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। इसके कई लाभ होंगे। प्रशिक्षित युवाओं की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में श्रम की कीमत बढ़ जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त जो युवा स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं उनकी भी सरकार उदार शर्तों पर वित्तीय मदद के साथ पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार उपलब्ध कराने तक में मदद कर रही है। एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी), कौशल विकास कार्यक्रम, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, स्टार्टअप पॉलिसी, एमएसएमई को प्रोत्साहन ऐसी ही योजनाएं हैं जिनके जरिये उत्तर प्रदेश अपनी अर्थव्यवस्था का कायाकल्प कर रहा है। एक तरफ प्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट के जरिये कई नामचीन इंडस्ट्रियल घराने और खुद सरकार भी उद्योगों में भारी भरकम निवेश कर रही है। देश का दूसरा डिफेंस सेक्टर इसका प्रमाण है। दूसरी तरफ सीएम योगी की मंशा है कि क्षेत्र विशेष के उद्योगों के अनुसार ही युवाओं के कौशल का भी विकास हो। इससे वह स्थानीय स्तर पर रोजगार पाकर या खुद का रोजगार कर घर परिवार की जिम्मेदारी देखते हुए अधिक खुशहाल रह सकते हैं। हाल ही में सहारनपुर के रोजगार मेले में मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि सरकार युवाओं के रोजगार और स्वरोजगारइसी के लिए दक्ष बनाने के मकसद से प्रदेश के 150 आईटीआई (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स) को प्रशिक्षण और बुनियादी स्तर की सुविधाओं के मामले में वैश्विक स्तर का बना रही है।

## व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने की दिल्ली में राजनाथ सिंह से मुलाकात



● रक्षा मंत्री को पत्र सौंपकर की राजधानी के गऊ घाट पर पक्का पुल बनवाए जाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रक्षा** मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से दिल्ली स्थित उनके आवास पर शुक्रवार को भारतीय किसान-उद्योग-व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान अजय त्रिपाठी मुन्ना ने लखनऊ वासियो की तरफ से राजनाथ सिंह का शाल पहना कर स्वागत और सम्मान किया। रक्षामंत्री ने सभी का हाल-चाल जाना और लखनऊ में चल रहे विकास कार्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लखनऊ में और भी विकास कार्य जल्द-से-जल्द प्रारम्भ कराए जाएंगे। मुलाकात के दौरान अजय त्रिपाठी मुन्ना ने पुराने लखनऊ को फैजुल्लागंज से जोड़ने वाले गोमती नदी के गऊ घाट पर बने पीपे वाले पुल की जगह पक्का पुल बनाए जाने के सम्बन्ध में रक्षा मंत्री को अवगत कराते हुए पत्र भी सौंपा।

## देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बने योगी

● 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में योगी देश में नंबर वन, केजरीवाल, ममता बनर्जी, एम के स्टालिन और चंद्रबाबू नायडू बहुत पीछे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीते** साढ़े सात साल में उत्तर प्रदेश की दिशा और दशा को बदलने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनकर उभरे हैं। 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में योगी को नंबर वन सीएम के तौर पर जनता ने चुना है। देशभर में 1.36 लाख से अधिक जनता के बीच हुए सर्वे में 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी को बेस्ट सीएम माना है। योगी इस सर्वे में लगातार तीसरी बार देश के बेस्ट चीफ मिनिस्टर चुने गये हैं। वहीं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, तमिलनाडु के सीएम एम के स्टालिन और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बहुत पीछे हैं। सर्वे में देश के 30 राज्यों की जनता से सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री के बारे में पूछे गये सवालों में योगी आदित्यनाथ को सर्वाधिक मत मिले हैं। जनता से पूछा गया कि वो किसे देश का सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री मानते हैं, इसपर 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी आदित्यनाथ के नाम पर अपनी मुहर लगाई है। इस सर्वे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मात्र 13.8 प्रतिशत लोगों ने लोकप्रिय माना है, जबकि पश्चिम बंगाल की सीएम लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें 9.1 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया। वहीं चौथे नंबर पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन हैं, जिन्हें 4.7 प्रतिशत मत मिला। इसी तरह पांचवें नंबर पर आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें 4.6 फीसदी लोगों ने समर्थन दिया। इस लिस्ट में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी कुछ हद तक समर्थन मिला है।

**कार्यालय अपर जिलाधिकारी (वि०रा०)/विशेष विवाह अधिकारी, प्रयागराज।**
**पत्र संख्या**
**वाद लि०/विवाह/2024 दिनांक अगस्त 2024**
**सार्वजनिक नोटिस अन्तर्गत धारा-5**
सुश्री नंदिता त्रिपाठी पुत्री श्री विजय कुमार त्रिपाठी निवासिनी-96बी, नेवादा, अशोक नगर प्रयागराज एवं श्री अंकित आर्थर विलियम्स पुत्र श्री सुशील थियोडोर विलियम्स निवासी अपार्टमेंट नं०-303, पूनम अपार्टमेंट, फेज-2, 7/7, लूकरगंज, प्रयागराज द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-05 के अन्तर्गत विवाह करने हेतु इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि इस विवाह के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 30 दिन के अन्दर किसी भी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।
अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०)
विशेष विवाह अधिकारी, प्रयागराज।
दिनांक: 17 अगस्त, 2024

## एससी/एसटी के हित के मामले में इण्डी गठबंधन की भी चुप्पी घातकः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एससी** एसटी रिजर्वेशन में कैटेगरी और क्रीमीलेयर को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। साथ ही समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की चुप्पी को लेकर भी निशाना साधा। बसपा सुप्रीमो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बीजेपी का एससी/एसटी आरक्षण विरोधी रवैया बरकरार है। सपा व इनके इण्डी गठबंधन की भी चुप्पी उतनी ही घातक है। इससे यह फिर से साबित है कि एससी एसटी वर्गों के सही हित, कल्याण व उत्थान के मामले में दोनों ही पार्टियाँ व इनके गठबंधन एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। शुक्रवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखते हुए कहा कि एससी/एसटी आरक्षण में वर्गीकरण व क्रीमीलेयर का नया नियम लागू करने के मा. सुप्रीम कोर्ट के 1 अगस्त 2024 के निर्णय के विरुद्ध जन अपेक्षा के अनुसार पुरानी व्यवस्था बहाल रखने के लिए केन्द्र द्वारा अभी तक भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना यह अति-दु:खद व चिन्ताजनक। इसको लेकर 21 अगस्त के भारत बंद के बावजूद अगर केन्द्र इसमें जरूरी सुधार के लिए गंभीर नहीं तो यह सोचने वाली बात है। पहले मा. कोर्ट में लचर पैरवी और अब उसको लेकर संविधान संशोधन बिल नहीं लाने से साबित है कि बीजेपी का एससी/एसटी आरक्षण विरोधी रवैया पूर्व की तीव्रता के साथ बरकरार है।

# भाजपा कार्यकर्ता हताश होकर बूथ छोड़कर भाग चुका हैः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अब जब भाजपा के संगी-साथी कह रहे हैं कि वो बूथ पर जाकर व्यवस्था संभालेंगे तो इसका मतलब साफ है कि वो लोकसभा चुनाव में हुई ऐतिहासिक पराजय को देखते हुए, ये मानकर चल रहे हैं कि भाजपा का कार्यकर्ता हताश होकर बूथ छोड़कर भाग चुका है या फिर अब भाजपा के मुखौटाधारी केवल सत्ता लोलुप संगी-साथियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि दरअसल चुनावी हार के बाद भाजपाई गुटों ने आपस में विश्वास खो दिया है। इसका एक और पहलू यह भी है कि भाजपा का 'संगी-साथी' पक्ष ये दिखाना चाहता है कि हार का कारण वो नहीं था, वो तो अभी भी शक्तिशाली हैं, कमज़ोर तो भाजपा हुई है। इन दोनों ही परिस्थितियों में यह तो साबित होता है कि भाजपाइयों ने हार स्वीकार कर ली है और अब भविष्य के लिए बेहद चिंतित हैं, लेकिन आपस में दोषारोपण करके, न तो ये एक-दूसरे का भरोसा जीत पाएंगे और न ही कोई आगामी चुनाव। बांटने की राजनीति करनेवाले लोग ख़ुद बंट गये हैं। यादव ने कहा कि भाजपा अपनी तथाकथित चाणक्य नीति के तहत जिन 'पन्ना प्रमुखों' की बात करती थी, अब क्या वो इतिहास बन गये? आज अगर वे उपलब्ध नहीं हैं तो उसके पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण हैं। अब भाजपा के जो गिने-चुने कार्यकर्ता बाक़ी है। वे ये सोचकर हताश हैं कि वर्तमान परिस्थिति में, जबकि समाज का 90 प्रतिशत पीडीए समाज जाग उठा है और पीडीए की बात करने वालों के साथ खड़ा है तो फिर वे किसके पास जाकर वोट मांगें और 90 प्रतिशत पीडीए समाज के सामने आकर क्यों उनके विरोधी होने का ठप्पा ख़ुद पर लगाएं, आख़िरकार उन्हें भी तो उसी 90 प्रतिशत समाज के बीच ही रहना है। ऐसे भूतपूर्व भाजपाई पन्ना प्रमुख ये सच्चाई भी जान चुके हैं कि भाजपा में किसी की कोई सुनवाई नहीं है, तो ऐसे दल में रहकर कभी भी कोई मान-सम्मान-स्थान उन्हें मिलने वाला नहीं है। वे ऐसे दलों की सच्चाई भी जान चुके हैं जो भाजपा की राजनीति के मोहरे बनकर काम कर रहे हैं।

## कांग्रेस ने किया दिव्यांग महागठबंधन का गठन, मनीष श्रीवास्तव बने अध्यक्ष



● नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा, प्रदेश के दिव्यांगजनों के अधिकारों के लिए सड़कों पर होगा संघर्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी निशक्तजन प्रकोष्ठ के चेयरमैन मनीष प्रसाद श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश दिव्यांगजनों को एकजुट करने की दिशा में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश के कई दिव्यांग संगठनों के प्रमुखजन भी शामिल रहे। बैठक में प्रदेश के सभी दिव्यांग संगठनों को एक मंच पर लाने के लिए 'दिव्यांग महागठबन्धन' की कार्यकारिणी का ऐलान किया गया। जिसमें कांग्रेस निशक्तजन (विकलांग) प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव को 'दिव्यांग महागठबन्धन' का अध्यक्ष तथा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष बनाया किया गया। 'दिव्यांग महागठबन्धन' के अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव ने उन सभी संगठनों से जो अभी तक दिव्यांग महागठबन्धन में शामिल नहीं है, उनसे अपील किया है कि दिव्यांगजन के हक व अधिकार दिलाने के लिए महागठबन्धन का हिस्सा बने और प्रदेश के दिव्यांगजन के अधिकारों की लड़ाई में अपना सहयोग प्रदान करें।

# औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे रूफ टॉप सोलर प्लांट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ कानपुर

**उत्तर** प्रदेश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा दे रही योगी सरकार की इस पहल से न सिर्फ पर्यावरण को लाभ हो रहा है, बल्कि सरकारी विभागों के विद्युत खपत पर होने वाले खर्च में भी बड़ी राहत मिली है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) भी ग्रीन एनर्जी के उपयोग को और विस्तार दे रहा है। यूपीसीडा ने अपने कानपुर मुख्यालय में रूफ टॉप सोलर प्लांट की सफलता को देखते हुए अब अपने अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में भी रूफ टॉप सोलर प्लांट, ग्रीन बेल्ट्स और सोलर पथ बनाने की योजना तैयार की है। योजना के अनुसार, प्राधिकरण ने अपने औ ?द्योगिक क्षेत्रों में स्थित विभिन्न सार्वजनिक सुविधाओं जैसे प्रशासनिक भवनों, नागरिक केंद्रों, कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी), ट्रांजिट हॉस्टल, कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी) और क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालयों पर सोलर रूफटॉप प्लांट्स लगाने का प्रस्ताव रखा है। उल्लेखनीय है कि कानपुर मुख्यालय में रूफ टॉप सोलर प्लांट के माध्यम से प्राधिकरण ने पिछले कुछ महीनों में कुल 27.35 लाख रुपए की बिजली बिल में बचत की है। प्राधिकरण का आंकलन है इस पहल से अगले 23 वर्षों में यूपीसीडा को लगभग 1104 लाख रुपए की शुद्ध बचत हो सकेगी।

कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए यूपीसीडा ने जनवरी 2024 में अपने मुख्यालय कानपुर में 150 किलोवॉट का सोलर रूफटॉप ऑनबिड प्लांट स्थापित किया था। यह परियोजना उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) की सहायता से कैपेक्स मॉडल पर 82.98 लाख रुपए की लागत से पूरी की गई थी। इस सोलर प्लांट के स्थापित होने के बाद से प्राधिकरण ने जनवरी और फरवरी

**यूपीसीडा की ग्रीन पहल**

2024 में 35 प्रतिशत ऊर्जा की बचत की, जबकि मार्च 2024 में 32.42 प्रतिशत, अप्रैल और मई 2024 में 56.92 प्रतिशत और जून-जुलाई 2024 में 34.95 प्रतिशत की ऊर्जा बचत दर्ज की गई। इस तरह, कुल लागत का लगभग 33 प्रतिशत पहले ही रिकवर किया जा चुका है। इस परियोजना के तहत, लगभग दो वर्षों में प्राधिकरण को लगभग पूरी लागत वसूल हो जाएगी, जबकि इन सोलर पैनलों की समय सीमा अवधि लगभग 25 वर्ष है। इस प्रकार, अगले 23 वर्षों तक यह सोलर प्लांट यूपीसीडा को लगभग 1104 लाख रुपए की शुद्ध बचत प्रदान करने में मदद करेगा। ग्रीन एनर्जी के विस्तार को लेकर यूपीसीडा की योजना के अनुरूप विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में यूपीनेडा की सहायता से किए गए सर्वेक्षण में 53 महत्वपूर्ण स्थानों की पहचान की गई है, जिनका कुल विद्युत भार लगभग 2000 किलोवॉट है। इनमें एमजी रोड (हापुड़), बेगराजपुर (सिकंदराबाद), सूरजपुर साइट-बी (गौतम बुद्ध नगर), साइट 5 कासना (सूरजपुर), सिकंदराबाद (बुलंदशहर), ईपीआईपी कासना, टीडीएस सिटी (बागपत), फाउंड्री नगर (आगरा), कोसी कोटवान (मथुरा), भोगांव (आगरा), चिनहट (लखनऊ), रायबरेली, सण्डीला (हरदोई), कुर्सी रोड (बाराबंकी), जैनपुर (कानपुर देहात), मलवान (फतेहपुर), नैनी (प्रयागराज), करखियाव (वाराणसी), बरगढ़ (चित्रकूट), उन्नाव, बंथर, परसाखेडा (बरेली), गजरौला-2 (जेपी नगर) और शाहजहांपुर जैसे स्थान शामिल हैं। इसके अलावा, यूपीसीडा अपने औ ?द्योगिक क्षेत्रों में ग्रीन बेल्ट्स के साथ सोलर पथ मार्ग बनाने की भी योजना बना रहा है। ये पथ मार्ग न केवल बाहरी स्थानों की सुंदरता को बढ़ाएंगे, बल्कि एक स्थायी प्रकाश समाधान भी प्रदान करेंगे, जो बिजली ग्रिड पर निर्भर नहीं करता है। यह सोलर पथ मार्ग पार्क, खेल के मैदान और आसपास के रास्तों के लिए आदर्श होंगे, जो पर्यावरणीय स्थिरता और औद्योगिक क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण में योगदान देंगे।

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने बताया की भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की सौर ऊर्जा नीति 2022 के अनुरूप प्राधिकरण मुख्यालय कानपुर, समेत समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों व परियोजना इत्यादि में भी सोलर रूफटॉप प्लांट जल्द स्थापित करेगा। साथ ही यूपीसीडा औ ?द्योगिक क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों के उद्यमियों को भी अपनी फैक्ट्री में सोलर रूफटॉप लगाने व उससे होने वाले लाभ के संबन्ध मैं जागरूक करते हुए उनको अपनी इकाइयों में सोलर प्लांट लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप उद्यमी इस ओर आकर्षित भी हो रहे हैं। इससे विद्युत बिल तो कम होंगे ही साथ ही साथ ऊर्जा उत्पादन में भी योगदान बढ़ेगा।

पायनियर वर्गीकृत

Required

**Required**
**Adharshila Law College of Professional Courses (ALC) Raj Nagar NH-232 Raibareli**
**Posts:**- Principal-01 Asst. Professors for L.LB 3 years-03 & B.A. L.LB-5 years Economics-01, English-01, Sociology-01 & Law-04
**Eligibility:**- Principal 15 years experience in any Law college/University with Ph.D. as per BCI and Lucknow University norms. Asst. Professors 55% in L.LM with NET/Ph.D.
**Pay scale:**- As per Bar Council Of India / Lucknow University norms. **Contacts:**- 9454855857, 9453848622, 8299214485,
**Manager : Chandra Prabha Singh**

**कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड**
सीआईएनः L24123UP1984PLC014111
**पंजीकृत कार्यालयः ए-7, सेक्टर-VII, नोएडा, जिलाः गौतम बुद्ध नगर, यू.पी. - 201301**
**वेबसाइटः www.continentalchemicalsltd.com; ईमेलः info@continentalsoft.com;**
**फोन नं. 91-120-2423316**

**कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड की 39वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी**

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड ('कंपनी') के सदस्यों की उनतालीसवीं (39वीं) वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 20 सितंबर, 2024 को शाम 04.00 बजे आईएसटी पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो वीडियो साधन ('ओएवीएम') सुविधा के माध्यम से, बैठक में सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं.17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं.20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021 और परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022 और सामान्य परिपत्र संख्या 9/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023 के साथ पठित विनियम, 2015 ('एमसीए परिपत्र') और सेबी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई, 2020, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIRP/P/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022, SEBI/HO/CFD/POD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023 और SEBI/HO/CFD/CFD-POD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर, 2023 (सामूहिक रूप से 'सेबी परिपत्र' के रूप में संदर्भित) और मास्टर परिपत्र SEBI/HO/CFD/POD2/CIR/P/2023/120 दिनांक 11 जुलाई, 2023 ('सेब परिपत्र') एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसायों को संचालित करने हेतु

उक्त परिपत्रों के अनुपालन में, वार्षिक आम बैठक की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट ('वार्षिक रिपोर्ट') केवल उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भेजी जाएगी, जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए') और डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ('डीपी') के पास पंजीकृत हैं, जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी से वार्षिक रिपोर्ट, नोटिस, परिपत्र आदि सहित सभी संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए अपना ईमेल पता पंजीकृत करा लें।

**यदि आपने डिपॉजिटरी के साथ अपना ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराया है, तो आप अपना ईमेल आईडी निम्नलिखित तरीके से पंजीकृत करा सकते हैं:**

| | |
|---|---|
| भौतिक होल्डिंग | कंपनी को info@continentalsoft.com; compliance@continentalsoft.com पर एक हस्ताक्षरित अनुरोध भेजें, जिसमें फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की गई प्रति (सामने और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति) ईमेल पता पंजीकृत करने हेतु प्रदान करें। |
| डीमैट होल्डिंग | कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से संपर्क करें और डीपी द्वारा बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ईमेल पता पंजीकृत करें। |

वार्षिक आम बैठक की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.continentalchemicalsltd.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सीडीएसएल (वार्षिक आम बैठक के दौरान रिमोट ई-वोटिंग सुविधा और ई-वोटिंग प्रणाली उपलब्ध कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। कंपनी अपने सदस्यों को वार्षिक आम बैठक से पहले रिमोट ई-वोटिंग सुविधा और वार्षिक आम बैठक के दौरान ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि वे नोटिस में निर्धारित और वार्षिक आम बैठक में प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने वोट के अधिकार का प्रयोग कर सकें। वोट डालने की सुविधा सीडीएसएल द्वारा प्रदान की जाएगी।

जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया था, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित/भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें एजीएम में फिर से अपना वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीके, एजीएम में ई-वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के निर्देश एजीएम के नोटिस में दिए जा रहे हैं।

सदस्य एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों का पालन कर सकते हैं, जैसे कि एजीएम में ई-वोटिंग के साथ-साथ रिमोट ई-वोटिंग। यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम में भाग लेने और ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं या 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।

**स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए उम्मीदवारी**- इसके साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के साथ कंपनी (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता) नियम, 2014 के नियम 13 के अनुसार निदेशक मंडल को लिखित रूप में एक नोटिस प्राप्त हुआ है, जिसमें कंपनी की 39वीं एजीएम में कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति के लिए श्री राघव नैथानी (डीआईएनः 01463692) और श्री गौरव सचदेवा (डीआईएनः 10746363) की उम्मीदवारी का प्रस्ताव है।

**कॉन्टिनेंटल केमिकल्स लिमिटेड हेतु**
**हस्ता/-**
**नरेश कुमार चिब्बा**
**प्रबंध निदेशक**
**डीन 00376963**
**दिनांकः 23.08.2024**
**स्थानः नोएडा**

# Police rescue armed student who locked himself in room

PNS ■ LUCKNOW

Police rescued the Class XI student who had locked himself in a room at his home in Gudamba and threatened to shoot himself with his father's licenced pistol.

The rescue operation, which began around 3 pm on Thursday, concluded around 3 am on Friday.

According to DCP (North) Abhijeet R Shankar, the boy threatened to harm himself but eventually surrendered after being counselled by an inspector.

"The inspector's counselling proved effective. The boy first handed the pistol out through the window and then unbolted the latch before emerging from the room," the DCP stated in an e-byte released around 3:35 am on Friday.

Shankar explained that the police had cordoned off the area and made numerous attempts to persuade the boy to communicate with them or his family. Despite their efforts, initial attempts proved futile.

"The police officer, who was knowledgeable in child psychology, assured the boy of proper treatment and a solution to his problems. This approach worked, leading the boy to follow the counsellor's instructions and agree to surrender," Shankar said.

The DCP said that the boy seemed unwilling to continue his studies and was reportedly under pressure from his parents. He was also said to be in a state of intoxication, and initially, the situation was a means to pressurise his parents.

When the situation escalated and his parents called for help, the boy became frightened of the potential consequences.

Reports said that both police officers and the boy's parents tried to engage him in dialogue, but their efforts were exhausting. As time passed, the effects of the intoxicants diminished.

The police took measures to avoid actions that might provoke the boy into taking drastic steps and waited for him to calm down.

The incident unfolded when the student locked himself in a room at Sulabh Apartment in Gudamba and threatened to shoot himself on Thursday.

The DCP and his team were on the scene throughout the rescue operation.

Shankar clarified that the boy had fired two rounds using his father's licenced pistol, which he had accessed by locating the key to the locked almirah where it was kept.

The DCP mentioned that the boy had threatened to shoot himself, prompting the police to take careful, calculated measures. He dismissed media reports suggesting the boy wanted his mother to come and speak to him, stating that the boy was unwilling to talk to anyone, including his brother, with whom he has a close bond.

# Food delivery boy tortured over religious identity

**Lucknow (PNS):** A Zomato delivery boy was allegedly beaten, tortured, and subjected to severe mistreatment at a residence in Gomti Nagar over his religious identity in the early hours of August 21.

In his complaint, Mohammed Aslam claimed that he had arrived to deliver an order to a house where four individuals were present. "They assaulted me and confined me in a room around 1:30 am. All four individuals hit me on the head with a helmet, confiscated my mobile phone (which they later returned), and threatened to shoot me. They asked for my name and then further tortured me. They threw a glass of liquor on me and verbally abused me. They took turns asking me questions, instructing me to sit, stand, or sit in the corner to humiliate me. They also threatened to pour hot water on me and laughed mockingly. Additionally, they forced me to write a false application and warned that if I reported the incident, they knew my address and could harm me at any time," Aslam alleged.

The victim also provided detailed information about the location and house number of the accused in his complaint. A police spokesperson confirmed that a case has been registered under relevant sections of the Bharatiya Nyaya Sanhita (BNS), and efforts are underway to arrest the suspects.

# Traffic congestion to ease at two crossings in Jankipuram

PNS ■ LUCKNOW

